[This question paper contains 22 printed pages.]

**2088** *Your Roll No.* ..........

**M.Com./II** **A**

Course 450 – INDUSTRIAL LAWS

(Admissions of 2004 and onwards)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 75*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note :– The maximum marks printed on the question paper are applicable for the candidates registered with the School of Open Learning. These marks will, however, be scaled down proportionately in respect of the students of regular colleges, at the time of posting of awards for compilation of result.*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :– इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

**All** *questions are compulsory and carry equal marks. Credit will be given for answers supported by case laws, if any.*

*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और* **सभी** *के अंक समान हैं। निर्णय विधि, यदि कोई हो, द्वारा पुष्ट किए गए उत्तरों को श्रेय दिया जाएगा।*

P.T.O.

1. Answer the following queries under the EPF and MP Act, 1952 citing case laws, if any. Each carries equal marks : (15)

(i) Is nomination under EPF and MP Act mandatory ?

(ii) How much time is taken for the disposal of the application in the Provident Fund office ?

(iii) What is the voluntary rate of contribution by the member ?

(iv) How many years of service is required to be eligible to receive member pension ?

(v) What is the wage ceiling under the EPF Act ?

(vi) Is coverage of a factory during construction covered ?

(vii) Is a factory covered when no sales commenced ?

(viii) Does the coverage end when the number of employees is reduced below the prescribed limit ?

(ix) Whether engaging of consultants is liable to be covered under the EPF & MP Act and schemes ?

(x) Are employees engaged through contractors covered ?

(xi) Employees working at home, if covered by the EPF & MP Act ?

(xii) Are the piece rate employee covered ?

(xiii) Is the part time employee covered ?

(xiv) Whether commission paid to some of the salesmen who work as free lancers attract EPF contributions ?

(xv) Can an employer reduce the wages of the employees ?

**OR**

Attempt any **three** of the following. Each carries equal marks :

(a) Discuss the provisions of EPF & MP Act, 1952 relating to the composition and functions of the Central Board of Trustees. (5)

(b) Delhi Public School, Merrut Road, Ghaziabad is a covered establishment under the provisions of the EPF & MP Act, 1952. During the course of various inspections carried out in the institution, the Area Enforcement Officer noticed that contractors employees including canteen contractor, transport contractor, doctor and cycle-stand contractor have not been covered by the Management for the

purpose of extending PF benefits. Institution was asked to remedy the said situation by computing quantum of arrear dues to be paid in respect of said category of employees on 22-11-1966. No action was taken and thereafter notice for initiating proceeding under Section 7A(3) of the Act was issued on 22-1-1997. Petitioners (DPS) submit that immediately thereafter reply was filed on 1-3-1997 mentioning therein that they are employees of Contractors and there does not exist master and servant relationship in between the Driver and petitioner's institution. Thereafter proceeding under Section 7A(3) of the Act has been finalized on 7-4-1997 and said amount has been worked out and has been realized from the establishment by attaching the accounts of institution under Section 8(F) of the Act. Petitioner has approached this Court contending therein that entire proceedings are void and without jurisdiction. Decide giving case laws and provisions. (5)

(c) On inspection of the premises, the enforcement officer of the PF organization found the strength of the employees to be 22 which included 3 directors of the company who got remuneration from the company. He recommended that the respondent company be covered by the EPF Act. The respondent company challenged the coverage. Decide. (5)

(d) An educational institution was running 2 units. One for primary classes and other for higher classes. One of them was exempted because it was contributing to some other PF Schemes. The other could not claim exemption because of lesser number of employees. If the employees of both the units have to be counted together to make the EPF Act applicable. (5)

ई. पी. एफ. ऐंड एम. पी. अधिनियम, 1952 के अंतर्गत निर्णय विधियों, यदि कोई, को उद्धृत करते हुए निम्नलिखित का उत्तर दीजिए । प्रत्येक के अंक समान हैं :

(i) क्या ई. पी. एफ. ऐंड एम. पी. अधिनियम के अंतर्गत नाम निर्देशन आज्ञापक है ?

(ii) भविष्य निधि कार्यालय में आवेदन को निपटाने में कितना समय लिया जाता है ?

(iii) सदस्य द्वारा अंशदान का स्वैच्छिक दर क्या है ?

(iv) सदस्य-पेन्शन प्राप्त करने के लिए पात्र होने के लिए कितने वर्ष की सेवा अपेक्षित होती है ?

(v) ई. पी. एफ. अधिनियम के अंतर्गत मजदूरी की अधिकतम सीमा क्या है ?

(vi) क्या निर्माणाधीन कारखाना संरक्षित होता है ?

(vii) क्या बिक्री के शुरू न होने पर भी कारखाना संरक्षित होता है ?

(viii) क्या कर्मचारियों की संख्या निर्धारित सीमा से कम हो जाने पर संरक्षण समाप्त हो जाता है ?

(ix) क्या ई. पी. एफ. ऐन्ड एम. पी. अधिनियम और योजनाओं के अंतर्गत परामर्शदाताओं की नियुक्ति संरक्षित किए जाने के दायित्वाधीन है ?

(x) क्या ठेकेदारों के माध्यम से लगाए गए कर्मचारी संरक्षित होते हैं ?

(xi) क्या घर से काम करने वाले कर्मचारी ई. पी. एफ. ऐन्ड एम. पी. अधिनियम के अंतर्गत संरक्षित होते हैं ?

(xii) क्या उजरती दर पर काम करने वाले संरक्षित होते हैं ?

(xiii) क्या अंशकालिक कर्मचारी संरक्षित होते हैं ?

(xiv) क्या स्वतंत्र रूप से काम करने वाले बिक्रीकर्ताओं को प्रदत्त कमीशन पर ई. पी. ए. अंशदान लागू होता है ?

(xv) क्या कोई नियोक्ता कर्मचारियों की मजदूरी कम कर सकता है ?

अथवा

निम्नलिखित में से कोई **तीन** कीजिए। प्रत्येक के अंक समान हैं :

(क) केन्द्रीय न्यासी बोर्ड के संघटन और प्रकार्यों से संबंधित ई. पी. एफ. ऐन्ड एम. पी. अधिनियम, 1952 के उपबंधों का विवेचन कीजिए।

(ख) दिल्ली पब्लिक स्कूल, मेरठ रोड, गाजियाबाद ई. पी. एफ. ऐन्ड एम. पी. अधिनियम, 1952 के उपबंधों के अंतर्गत एक संरक्षित स्थापन है। संस्था में किए गए विभिन्न निरीक्षणों के दौरान, क्षेत्र

प्रवर्तन अधिकारी ने गौर किया कि ठेकेदार के कर्मचारी, कैन्टीन ठेकेदार, परिवहन ठेकेदार, डॉक्टर और साइकिल-स्टैन्ड ठेकेदार आदि को प्रबंधक वर्ग ने भविष्य निधि हित-लाभ प्रदान करने के प्रयोजनार्थ संरक्षित नहीं किया है। संस्था को 22-11-1966 को कर्मचारियों के उपर्युक्त संवर्ग को देय बकाया की मात्रा अभिकलित करके उक्त स्थिति को ठीक करने के लिए कहा गया। किंतु कोई कारवाई नहीं की गई और तत्पश्चात् अधिनियम की धारा 7A(3) के अंतर्गत कार्यवाही शुरु करने के लिए 22-1-1997 को नोटिस जारी किया गया। याची ने कहा कि उसके तुरंत बाद 1-3-1997 के उत्तर दाखिल किया गया था जिसमें यह कहा गया था कि वे ठेकेदार के कर्मचारी हैं और ड्राइवर और याची की संस्था के बीच कोई स्वामी-सेवक का संबंध नहीं है। तत्पश्चात् अधिनियम की धारा 7A(3) के अंतर्गत 7-4-1997 को कार्यवाही पूरी की गई और उक्त राशि को परिकलित किया गया और अधिनियम की धारा 8(F) के अंतर्गत संस्था के खातों की कुर्की करके रकम वसूली गई। याची इस न्यायालय के पास आया है। उसका प्रतिवाद है कि समग्र कार्यवाही शून्य और अधिकारिता विहीन है। निर्णय विधि और उपबंध बताते हुए विनिश्चय कीजिए।

(ग) परिसर के निरीक्षण पर भविष्य निधि संगठन के प्रवर्तन अधिकारी ने देखा कि कंपनी से पारिश्रमिक प्राप्त करने वाले कंपनी के तीन निदेशों सहित कर्मचारियों की संख्या 22 है। उसने सिफारिश की कि प्रत्यर्थी कंपनी को ई. पी. एफ. अधिनियम के अंतर्गत संरक्षित किया जाए। प्रत्यर्थी कंपनी ने संरक्षण पर आपत्ति की है। विनिश्चय कीजिए।

(घ) एक शिक्षा-संस्था दो इकाइयाँ संचालित कर रही थी। एक, प्राथमिक कक्षाओं के लिए थी और दूसरी उच्च कक्षाओं के लिए। एक को छूट मिली हुई थी क्योंकि वह किसी अन्य भविष्यनिधि योजनाओं में अंशदान कर रही थी। दूसरी कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण छूट का दावा नहीं कर सकी। यदि दोनों इकाइयों के कर्मचारियों को ई. पी. एफ. अधिनियम लागू करने के लिए इकट्ठा गिना जा सकता है ?

2. Answer the following queries under the ESI Act, 1948 citing case laws, if any. Each carries equal marks : (15)

(i) Can the Inspector inspect record already inspected ?

(ii) Whether the benefits are available to an employee even if he has not paid the contributions ?

(iii) Who is to prove that 20 persons are not employed in the establishment ?

(iv) Whether an advertising agency is a shop to attract the applicability of ESI Act ?

(v) Whether the security personnel engaged through agency are treated as employees ?

(vi) Are the members of Cooperative Society employees coverable under the ESI Act ?

(vii) Whether showrooms employees are covered ?

(viii) Whether process of dry cleaning is covered ?

(ix) Whether free lancers such as an electrician or a plumber or a TV mechanic is covered under the Act ?

(x) Whether ESI contributions are payable on overtime ?

(xi) Is the deposit of ESI contribution a pre-condition for submission of returns ?

(xii) Can an employee insured under the ESI Act claim compensation under Workmen's Compensation Act ?

(xiii) Can an employee under the ESI Act claim compensation under Motor Vehicles Act ?

(xiv) Can a company be exonerated from the payment of ESI contribution on the plea that it has become sick ?

(xv) Can employee covered under the ESI Act and Schemes avail super specialty services from private hospitals and seek reimbursement from the ESIC ?

**OR**

Attempt any **three** of the following. Each carries equal marks :

(a) Explain briefly various benefits provided under the ESI Act. (5)

(b) The question that is involved in the appeal is whether "Manipal Sowbhagya Nidhi Ltd.", a public limited company under the provisions of Companies Act, 1956, is a "Shop" coming within the purview of Section (1)4 of the Employees' State Insurance Act, 1948, or under any notification issued under Section 1(5) of the Act, including the Government notification, dated 9 January, 1987. The ESI Court answered the said question in negative giving rise to the appeal by ESI Corporation. Decide giving case laws and provisions. (5)

(c) Workman was staying in the quarters in the factory premises. Residents of the quarters used to carry water from the bore well which is also situated within the factory premises. In the early hours while taking bath at the bore well, workman died due to electrocution at the bore well. He had not commenced work on that day. Decide whether the doctrine of notional extension of employment be applied in this case or not. (5)

(d) Cochin Port Trust is an exempted establishment under the ESI Act. The question involved is

(ix) क्या बिजली मिस्त्री, नलसाज या टी. वी. मैकेनिक जैसे स्वतंत्र रूप से काम करने वाले अधिनियम के अंतर्गत संरक्षित हैं ?

(x) क्या अतिरिक्त समय पर ई. एस. आई अंशदान देय हैं ?

(xi) क्या विवरणी-प्रस्तुति के लिए ई. एस. आई. अंशदान जमा कराना पूर्व-शर्त है ?

(xii) क्या ई. एस. आई. अधिनियम के अंतर्गत बीमाकृत कर्मचारी कामगार प्रतिकर अधिनियम के अंतर्गत प्रतिकर का दावा कर सकता है ?

(xiii) क्या ई. एस. आई. अधिनियम के अंतर्गत कोई कर्मचारी मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत प्रतिकर का दावा कर सकता है ?

(xiv) क्या किसी कंपनी को ई. एस. आई. अंशदान का भुगतान करने से इस अभिवाक् पर छुटकारा मिल सकता है कि वह रुग्ण हो गई है ?

(xv) क्या ई. एस. आई. अधिनियम और योजनाओं के अंतर्गत संरक्षित कर्मचारी निजी अस्तपालों से अधिविशिष्ट सेवा प्राप्त कर सकता और ई. एस. आई. सी. से प्रतिपूर्ति माँग सकता है ?

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं तीन का उत्तर दीजिए। प्रत्येक के अंक समान हैं :

(क) ई. एस. आई. अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त विभिन्न हित-लाभों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

whether the Port Trust is liable to pay contribution for the workers engaged in the canteen of the Port workshop. The canteen is managed by a contractor on the basis of an agreement between the principal employer (Port Trust) and the immediate employer(Contractor). Decide. (5)

निर्णय विधियों, यदि कोई को उद्धृत करते हुए ई. एस. आई. अधिनियम, 1948 के अंतर्गत निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए :

(i) क्या निरीक्षक पूर्व निरीक्षित अभिलेख का निरीक्षण कर सकता है ?

(ii) क्या किसी कर्मचारी को अंशदान का भुगतान न करने के बाद भी हित-लाभ उपलब्ध हैं ?

(iii) इसे कौन साबित करेगा कि स्थापन में 20 व्यक्ति नियोजित नहीं हैं ?

(iv) क्या कोई विज्ञापन अभिकरण ई. एस. आई. अधिनियम को लागू करने की दृष्टि से दुकान की कोटि में आता है ?

(v) क्या अभिकरण के माध्यम से लगाए गए सुरक्षाकर्मियों को कर्मचारी माना जाएगा ?

(vi) क्या सहकारी समिति कर्मचारियों के सदस्य ई. एस. आई. अधिनियम के अंतर्गत संरक्षणीय हैं ?

(vii) क्या शोरूम कर्मचारी संरक्षित हैं ?

(viii) क्या निर्जल धुलाई प्रक्रिया संरक्षित है ?

(ख) अपील में समाविष्ट प्रश्न यह है कि क्या कंपनी अधिनियम, 1956 के उपबंधों के अंतर्गत एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी "मणिपाल सौभाग्य निधि लि०" कर्मचारी बीमा अधिनियम, 1948 की धारा 1(4) के दायरे के भीतर आने वाली अथवा अधिनियम की धारा 1(5) के अंतर्गत जारी की गई सरकारी अधिसूचना दिनांकित 9 जनवरी 1987 सहित किसी भी अधिसूचना के अंतर्गत "दुकान" है । ई. एस. आई. न्यायालय ने इस प्रश्न का नकारात्मक उत्तर दिया, जिसके कारण ई. एस. आई. निगम ने अपील की है । निर्णय विधियों और उपबंधों का उल्लेख करते हुए विनिश्चय कीजिए ।

(ग) कामगार कारखाना-परिसर के क्वार्टर में रहता था । क्वार्टर में रहने वाले लोग कारखाना परिसर के भीतर ही स्थित वेधित कूप से पानी लिया करते थे । सुबह के समय वेधित कूप पर नहाते समय, कामगार की वेधित कूप पर विद्युत्‌घात से मृत्यु हो गई । उसने उस दिन अभी काम शुरू नहीं किया था । विनिश्चय कीजिए कि इस मामले में रोजगार को अभिप्रायात्मक सिद्धांत लागू होता है / या नहीं ।

(घ) कोचीन पोर्ट ट्रस्ट ई. एस. आई. अधिनियम के अंतर्गत छूट प्राप्त स्थापन है । समाविष्ट प्रश्न यह है कि क्या पोर्ट ट्रस्ट पोर्ट की कर्मशाला की कैन्टीन में काम करने वालों के लिए अंशदान का भुगतान करने का दायी है ? कैन्टीन प्रधान नियोक्ता (पोर्ट ट्रस्ट) और अव्यवहित नियोक्ता (ठेकेदार) के बीच एक करार के आधार पर ठेकेदार द्वारा चलाई जाती है । विनिश्चय कीजिए ।

3. Answer the following queries under the Factories Act, 1948 citing case laws, if any. Each carries equal marks : (15)

(i) Is a child is allowed to work in a factory ?

(ii) Whether the approval, licensing and registration of a factory are compulsory ?

(iii) A premise on which construction of railway line is carried out, if factory ?

(iv) Bakery, if a factory ?

(v) Studio where processing of films is carried out, if factory ?

(vi) Does open land constitute factory ?

(vii) Is salt making a factory ?

(viii) A software company engaged as electronic data processing unit or computer unit, if a factory ?

(ix) Maintenance department of a medical college hospital, if factory ?

(x) Does preparing sweets with the aid of gas constitute factory ?

(xi) Is it necessary that a new product or article or substance should emerge from the manufacturing process ?

(xii) Converting raw film into finished cinema film, if manufacturing process ?

(xiii) Dairy farm, if manufacturing process ?

(xiv) Ayurvedic preparations carried out in a pharmacy, if manufacturing process ?

(xv) What happens when a company fails to nominate an occupier ?

**OR**

Attempt the following. Each carries equal marks :

(a) State provisions relating to health and safety under the Factories Act, 1948. (5)

(b) The Non-Gazetted members of the Delhi Police Force wanted to form an organization of their own and for that purpose constituted the Karamchari Union in 1966 and applied for its registration under the Trade Union Act, 1926. Initially the registration asked for was declined. Then Act 33 of 1966 was enacted. It came into force on 2 December, 1966. An application for recognition was again made on 9 December, 1966. Recognition was granted by the Central Government on 12 December, 1966. The Non Gazetted members of the Delhi Police Force were permitted to become the members of the Sangh. The Central Government made rules

under the Act. The circular in question was issued under these rules. The Circular attempts to derecognize the Sangh. This occasioned the filing of the writ petition. Decide giving case laws and provisions. (5)

(c) Members of the Nagpur Textile Union went on strike to press their demands. President of union made speeches and instigated workers. He also brought his wife to the Mill gate with instruction to beat with slippers anyone who interfered with her in the picketing process. Later on he was prosecuted on the charges of instigating. The accused pleaded immunity from criminal proceedings. Decide. (5)

निर्णय विधियों, यदि कोई, को उद्धृत करते हुए कारखाना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए। प्रत्येक के अंक समान हैं :

(i) क्या बच्चे का कारखाने में काम करने की अनुमति है ?

(ii) क्या कारखाने का अनुमोदन, अनुज्ञापन और पंजीकरण अनिवार्य है ?

(iii) वह परिसर जिस पर रेलवे लाइन का निर्माण किया गया है, क्या कारखाना है ?

(iv) क्या बेकरी कारखाना है ?

(v) वह स्टुडियों जहाँ फिल्मों के प्रिंट बनाए जाते हैं, क्या कारखाना है ?

(vi) क्या खुली भूमि कारखाना होती है ?

(vii) क्या नमक बनाना कारखाना है ?

(viii) क्या इलेक्ट्रॉनिक आँकड़ा संसाधन इकाई या कंप्यूटर इकाई के रूप में प्रवृत्त प्रक्रिया सामग्री कंपनी कारखाना है ?

(ix) मेडिकल कॉलेज अस्पताल का अनुरक्षण विभाग कारखाना है ?

(x) क्या गैस की सहायता से मिठाई तैयार करना कारखाना होता है ?

(xi) क्या यह आवश्यक है कि विनिर्माण प्रक्रिया से कोई नया उत्पाद या वस्तु या पदार्थ निकलना चाहिए ?

(xii) क्या कच्ची फिल्म को तैयार सिनेमा फिल्म में परिवर्तित करना विनिर्माण प्रक्रिया है ?

(xiii) डेरी फार्म क्या विनिर्माण प्रक्रिया है ?

(xiv) क्या औषध निर्माण शाला में आयुर्वेदिक निर्मित विनिर्माण प्रक्रिया है ?

(xv) किसी कंपनी द्वारा अधिष्ठाता का नाम निर्दिष्ट न करने पर क्या होता है ?

अथवा

निम्नलिखित का उत्तर दीजिए। प्रत्येक के अंक समान हैं :

(क) कारखाना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित उपबंधों का उल्लेख कीजिए।

(ख) दिल्ली पुलिस बल के अराजपत्रित सदस्य अपना एक संगठन बनाना चाहते हैं और इस प्रयोजनार्थ 1966 में कर्मचारी संघ गठित किया और ट्रेड यूनियन अधिनियम, 1926 के अंतर्गत पंजीकरण के लिए आवेदन किया। शुरू में पंजीकरण अस्वीकार कर दिया गया। फिर 1966 का अधिनियम 33 अधिनियमित हुआ था जो 2 दिसंबर, 1966 से प्रभावी हुआ था। 9 दिसंबर, 1966 को मान्यता के लिए फिर आवेदन किया गया। केन्द्रीय सरकार ने 12 दिसंबर, 1966 को मान्यता प्रदान कर दी। दिल्ली पुलिस बल के अराजपत्रित कर्मचारियों को संघ का सदस्य होने की अनुमति दे दी गई। सरकार ने इस अधिनियम के अंतर्गत नियम बनाए। प्रश्नगत परिपत्र इन्हीं नियमों के अंतर्गत ज़ारी किया गया था। परिपत्र संघ की मान्यता वापस लेने का प्रयत्न करता है। इसी कारण रिट याचिका दाखिल करने की आवश्यकता हुई। निर्णय विधियों और उपबंधों का उल्लेख करते हुए विनिश्चय कीजिए।

(ग) नागपुर टैक्सटाइल यूनियन के सदस्य अपनी माँगों को मनवाने के लिए हड़ताल पर गए। यूनियन के अध्यक्ष ने भाषण दिए और कामगारों को उकसाया। वह अपनी पत्नी को भी मिल के फाटक पर लेकर आया और उसे निर्देश दिया कि यदि धरने की प्रक्रिया में उसके साथ हस्तक्षेप करता है तो वह उसे चप्पलों से पीटे। बाद में उकसाने के आरोप पर उसका अभियोजन किया गया। अभियुक्त ने दांडिक कार्यवाही से उन्मुक्ति का अभिवाक् प्रस्तुत किया। विनिश्चय कीजिए।

4. (a) Explain various authorities under Industrial Disputes Act, 1947. (8)

(b) Explain provisions regarding set-on and set-off of allocable surplus under Payment of Bonus Act, 1965. (7)

**OR**

Attempt any **three** of the following. Each carries equal marks :

(a) Draw comparison between ESI Act and Workmen's Compensation Act. (5)

(b) The driver was entrusted the duty of driving the bus on a particular route. The driver was free to go home after duty hours, yet he stayed back for rest of the terrace of the bus stand. In the morning while getting down from the terrace, the driver tumbled down resulting in his death. Decide if the cause of accident is connected with the nature of employment and the employer is liable to pay compensation. (5)

(c) One Venkatachalam was employed as helper on 6th February, 1999, Venkatachalam was proceeding from his house to attend the night shift work while he was walking near the bus stop, he was hit by an unknown motor vehicle, he died on the spot. Can the death be construed as 'arising out of and in the course of employment' ? Decide. (5)

(d) Workman was engaged as a cleaner on a tractor. He was found driving the tractor when accident occurred. He succumbed to injuries. Shall compensation be payable to the dependents of the deceased ? Decide. (5)

(क) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के अंतर्गत विभिन्न प्राधिकारियों को स्पष्ट कीजिए।

(ख) बोनस संदाय अधिनियम, 1965 के अंतर्गत आबंटनीय अधिशेष के प्रवर्तन और समजन से संबंधित उपबंधों को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

निम्नलिखित में से कोई तीन कीजिए। प्रत्येक के अंक समान हैं :

(क) ई. एस. आई. अधिनियम और कर्मकार प्रतिकर अधिनियम में तुलना कीजिए।

(ख) ड्राइवर को एक विशेष मार्ग पर बस चलाने के लिए निर्देश दिया गया था। वह कार्य के घंटों के बाद घर जाने के लिए स्वतंत्र था, किंतु वह आराम करने के लिए बस अड्डे की छत पर रुक गया। प्रातः काल छत से उतरते समय ड्राइवर लुढ़क गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। विनिश्चय कीजिए कि क्या दुर्घटना का कारण रोजगार की प्रकृति से संबद्ध है और नियोक्ता प्रतिकर प्रदान करने के लिए दायित्वाधीन है।

(ग) वेंकटचलम् 6 फरवरी 1999 को एक सहायक के रूप में नियोजित किया गया था। घर से रात्रि की पारी पर जाते समय बस अड्डे के पास उसे एक अज्ञात मोटर वाहन ने टक्कर मार दी और उसकी वहीं मृत्यु हो गई। क्या मृत्यु को रोज़गार से उद्भूत और उसके अनुक्रम में लिया जा सकता है ? विनिश्चय कीजिए।

(घ) कर्मकार एक ट्रैक्टर पर क्लीनर के रूप में लगाया गया था। दुर्घटना के समय वह ट्रैक्टर चला रहा था जब दुर्घटना घटित हो गई। वह चोटों के कारण मर गया। क्या मृतक के आश्रितों को प्रतिकर देय है ? विनिश्चय कीजिए।

5. Write short notes on any **four** of the following :

(i) Rules regarding deductions for fines under Payment of Wages Act.

(ii) Procedure for fixation and revision of minimum wages under the Minimum Wages Act.

(iii) Concept of continuous service under Payment of Gratuity Act, 1972.

(iv) Objects for which political funds may be used under Trade Union Act, 1926.

(v) Employment injury under ESI Act.

(vi) Provision regarding protection against attachment under EPF Act. (15)

निम्नलिखित में से किन्हीं चार पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(i) मजदूरी संदाय अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने के लिए कटौतियों से संबंधित नियम।

(ii) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अंतर्गत न्यूनतम मजदूरी के नियतन और संशोधन की प्रक्रिया।

(iii) उपदान संदाय अधिनियम, 1972 के अंतर्गत अविरत सेवा की संकल्पना।

(iv) ट्रेड यूनियन अधिनियम, 1926 के अंतर्गत राजनीतिक निधियों का उपयोग करने के उद्देश्य।

(v) ई.एस.आई. अधिनियम के अंतर्गत नियोजन-क्षति।

(vi) ई.पी.एफ. अधिनियम के अंतर्गत कुर्की के विरूद्ध संरक्षण से संबंधित उपबंध।